राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
बिहार लोक भवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–86/2026

राज्यपाल ने पूर्णिया विश्वविद्यालय की गतिविधियों की समीक्षा की

पटना 21 मई, 2026 :– माननीय राज्यपाल–सह–कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने बिहार लोक भवन में पूर्णिया विश्वविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी विश्वविद्यालयों को निदेश दिया कि वे समर्थ पोर्टल के सभी मॉड्यूल्स को प्रभावी रूप से लागू करें, अधिकाधिक कार्यशालाओं का आयोजन करें तथा स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने वित्तीय प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के लिए संबंधित कर्मियों एवं अधिकारियों को समुचित प्रशिक्षण प्रदान करने, मास कम्यूनिकेशन के पाठ्यक्रम को प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ करने तथा नए डिग्री कॉलेजों में प्राचार्यों की यथाशीघ्र प्रतिनियुक्ति करने का भी निदेश दिया।

राज्यपाल ने सभी कुलपतियों को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महाविद्यालयों का निरीक्षण करने का निदेश देते हुए कहा कि निरीक्षण के बिन्दुओं से संबंधित महाविद्यालयों को पूर्व में ही अवगत करा दिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को समय पर वेतन का भुगतान सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

बैठक में कुलपति प्रो० विवेकानंद सिंह ने विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि पूर्णिया विवविद्यालय बिहार का पहला विश्वविद्यालय है, जहाँ समर्थ पोर्टल के माध्यम से नामांकन की प्रक्रिया संचालित की जा रही है तथा अकादमिक, वित्तीय प्रबंधन एवं गवर्नेंस के लिए समर्थ के कोर मॉड्यूल्स का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया गया है।

उन्होंने विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों, विभिन्न प्रखंडों में प्रस्तावित नए डिग्री महाविद्यालयों, वित्तीय प्रशासन, परीक्षा कैलेंडर, परीक्षा प्रणाली में सुधार, शैक्षणिक एवं अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियों, आधारभूत संरचना के विकास की स्थिति तथा खेलकूद, एन०एस०एस०, एन०सी०सी०, हैपिनेस इंडेक्स, युवा संसद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री गोपाल मीणा, पूर्णिया विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारीगण, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....